दो नग बैकहोलोडर्स का लोकार्पण किया राजस्व मंत्री ने

कोरबा 15 जुलाई। कोरबा नगर पालिक निगम द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और साफ–सफाई कार्यों के लिए खरीदे गए दो नग बैकहोलोडर्स का सी.एस.ई.बी. चौक के निकट अप्पू गार्डन के सामने आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान राजस्व मंत्री ने विधिवत् पूजा अर्चना कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री ने उम्मीद जताई है कि इन मशीनों की सहायता से कोरबा निगम क्षेत्र में ठोस अपशिष्टों के प्रबंधन और साफ–सफाई के कार्यों में मदद मिलेगी और स्वच्छ कोरबा की अवधारणा को मजबूती मिलेगी। कोरबा नगर पालिक निगम के कार्यकारी अभियंता भूषण उरांव ने बताया कि दो नग बैकहोलोडर्स की खरीदी पर लगभग 60 लाख रूपये खर्च किए गए हैं और मशीनों की मदद से निगम के साफ–सफाई संबंधी कार्यों को गति मिलेगी।

इस अवसर पर कोरबा नगर पालिक निगम के महापौर राजकिशोर प्रसाद, आयुक्त कुलदीप शर्मा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती सपना चैहान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती कुसुम द्विवेदी, जिला कांग्रेस महामंत्री श्रीमती रेखा त्रिपाठी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व एम. आई.सी. सदस्य संतोष राठौर सहित बड़ी संख्या में एल्डरमेन, वर्तमान व पूर्व पार्षदगण एवं कार्यकर्ताओं सहित आम नागरिक उपस्थित रहे।